- पैरासीटामोल प्रति KG

खुराक

शरीर वजन के प्रति किलोग्राम पर 10-15 mg, प्रत्येक 6 से 8 घंटे पर दोहराव

उदाहरणस्वरूप:

हर 6 से 8 घंटे पर पैरासीटामोल की मात्रा 100-150 mg = वजन का 10 kg , दोहराना

अधिकतम दैनिक खुराक

जिस बच्चे का वजन 50 kg से कम हो उसे प्रति किलोग्राम

80 mg

जिस बच्चे का वजन 50 kg से ज्यादा हो उसके लिए 3g

- आइबुप्रोफीन प्रति KG *(तीसरे महीने के बाद*

6 kg वजन के ऊपर से शुरुआत)

खुराक

शारीरिक वजन के अनुसार हर एक kg पर 10 mg जिसे हर 8 घंटे पर दोहराया जाए

उदाहरणस्वरूप:

शरीर वजन का 10kg = आइबुप्रोफीन का 100mg जिसे हर 68 घंटे पर दोहराया जाए

अधिकतम दैनिक खुराक

जिस बच्चे का वजन 50kg से कम हो उसे शारीरिक वजन के अनुसार प्रति 1 किलोग्राम पर 30mg

50 kg से ज्यादा वजन के बच्चे को 1200mg

याद रखें

- **खुराक में त्रुटि के जोखिम को कम करने के लिए पैकेट के साथ संलग्न डिस्पेंसर** का इस्तेमाल करें न कि टीस्पून का या अन्य दवा के डिस्पेंसर का।
- **आइबुप्रोफीन** और **पैरासीटामोल**के संयुक्त या एकांतरित उपयोग **से परहेज करें** ताकि किसी प्रकार के पार्श्व प्रभाव की संभावना उत्पन्न नहीं हो।
- **आइबुप्रोफीन और/अथवा पैरासीटामोल** का इस्तेमाल फेबराइल सीजर को प्रतिबंधित नहीं करता है।

SERVIZIO SANITARIO REGIONALE
EMILIA-ROMAGNA
Azienda Unità Sanitaria Locale di Reggio Emilia
IRCCS Istituto in tecnologie avanzate e modelli assistenziali in oncologia

बुखार और दर्द के लिए फर्मास्युटिकल्स की खुराक

USL -IRCCS रेजियो ईमिला की स्वास्थ्य देखभाल अथॉरिटी के प्राथमिक उपचार करने वाले शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक एवं अस्पताल आधारित शिशु रोग विशेषज्ञों के द्वारा लिखित और साझाकृत सूचनात्मक पैंफलेट।

विषय प्रवेश

पैरासीटामोल और आइबुप्रोफीन पसंद की दवा है जिसका उपयोग बच्चों के बुखार या दर्द की स्थिति में किया जाता है।

मुख से दवा लेना सबसे अच्छा तरीका है क्योंकि सपोजिटरी विधि की तुलना में यह दवा की खुराक को बेहतर बनाता है, सपोजिटरी विधि का उपयोग बच्चे में कय की समस्या होन पर या बच्चे द्वारा मुख से दवा लेने से इनकार करने पर ही किया जाना चाहिए।

12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को एस्पिरिन (एसिटाइलसिलिक एसिड) नहीं दें



दवा प्रक्रिया

- **पैरासीटामोल**

शिशु को भी दिया जा सकता है। बाजार में उपलब्धता: आयु के अनुसार ड्रॉप्स, सिरप, सॉचेट, टैबलेट, डिसाल्विंग फॉरमेशन में

चेतावनी

ड्रॉप और सिरप प्रारूप को लेकर भ्रम में नहीं रहें क्योंकि इससे ओवरडोज की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

खुराक

शारीरिक वजन के प्रति kg पर 10 से 15mg (*10kg वजन= पैरासीटामोल* का 100 से 150mg) जिसे बच्चे में बुखार, रूग्णता या दर्द रहने की स्थिति में 6 से 8 घंटे पर दोहराया जा सकता है।

अधिकतम दैनिक खुराक

जिस बच्चे का वजन 50 kg से कम हो उसे शारीरिक वजन के हिसाब से प्रति kg पर 80mg या जिन बच्चों का वजन 50kg से कम हो उसे प्रति kg 3g ।

हमेशा पैकेज पर दिए गए संकेत का अनुपालन करें।

- **आइबुप्रोफीन**

पैरासीटामोल का एक विकल्प है जिसकी शुरुआत तीसरे महीने या 6kg से अधिक शारीरिक वजन रहने पर की जा सकती है।

बाजार में उपलब्धता: आयु के अनुसार सिरप, टैबलेट, डिसाल्विंग सॉचेट, ड्रॉप्स फॉरमेशन में।

खुराक

शारीरिक वजन के अनुसार प्रति kg 10mg (उदाहरणस्वरूप 10 kg वजन= आइबुप्रोफीन का 10mg) जिसे प्रत्येक 8 घंटे पर दोहराया जाए।

अधिकतम दैनिक खुराक

50 kg से कम वजन के बच्चे को शारीरिक वजन प्रति kg 30 mg या 50 kg से अधिक वजन के बच्चे को 1200 mg ।
भरे पेट में उपयुक्त तरल की मात्रा सुनिश्चित करने के बाद इसका उपयोग सबसे बेहतर होता है, बच्चों को सलाह दें कि अक्सर थोड़ी मात्रा में पानी पीते रहें।

चेचक और डॉयरिया की स्थिति में उपयोग नहीं करें।

पैकेट पर दिए गए संकेत का हमेशा अनुपालन करें।